# जीवन में धैर्य रखने से सफलता निश्चित: मिश्रा

## >> मेवाड़ विश्व विद्यालय में राष्ट्रीय एकता शिविर

गंगरार, 25 मई (जसं.)। जीवन को बहुआयामी बनाने में कौशल विकास की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। संचार कौशल से हमारे व्यक्तित्व का विकास होता है। इसके लिये समय प्रबन्धन बहुत ही महत्वपूर्ण सूत्र साबित हो सकता है।




मेवाड़ विश्वविद्यालय में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार तथा क्षेत्रीय निदेशालय राष्ट्रीय सेवा योजना जयपुर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित सात दिवस राष्ट्रीय एकता शिविर के चौथे दिन दूसरे सत्र में देशभर के एनएसएस वालन्टियर्स को सम्बोधित करते हुए जेके टायर्स ग्रुप कांकरोली के चेयरमैन अनिल मिश्रा ने व्यावहारिक जीवन में सफलता के सूत्र बताते हुए उन्होंने कहा कि स्व-जागरुकता, बॉडी लेंग्वैज, ध्यानपूर्वक सुनने का गुण और दूसरे के प्रति आदर का भाव हमें व्यवहार कुशल बनाता है। कॅरियर के प्रति एनएसएस वालन्टियर्स को जागरुक करते हुए उन्होंने कहा कि सबसे पहले अपने अन्दर की क्षमता को जाने उसके बाद लक्ष्य का निर्धारण कर उस पर लगन पूर्वक काम करें। इसके साथ सबसे महत्वपूर्ण बात धैर्य बनाये रखें। इससे निश्चित ही सफलता मिलेगी।

परिचय एवं स्वागत भाषण प्रतिकुलपति आनन्द वर्द्धन शुक्ल ने दिया। प्रथम सत्र में देश भर से आये हुए एनएसएस वालन्टियर्स ने क्विज प्रतियोगिता में भाग लिया। शिविर के चौथे दिन सभी एनएसएस वालन्टियर्स ने विश्वविद्यालय में प्रभातफेरी, योगा, श्रमदान एवं सफाई अभियान में हिस्सा लिया।

Jannayak 26-05-2022

# शिक्षा मंत्री डॉ. कल्ला कल मेवाड़ यूनिवर्सिटी में आएंगे

चित्तौड़गढ़ | शिक्षा मंत्री डॉ. बीडी कल्ला शुक्रवार को चित्तौड़गढ़ आएंगे। वे सुबह 10:30 बजे मेवाड़ यूनिवर्सिटी में होने वाले कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोपहर में निंबाहेड़ा पंचायत समिति सभागार में शिक्षा विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेंगे। इसके बाद गुड़ाखेड़ा के राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल के नए भवन का उद्घाटन करेंगे। वहां से उदयपुर प्रस्थान करेंगे।

Dainik Bhaskar 26-05-2022

# शिक्षा मंत्री कल्ला कल चित्तौड़ में

चित्तौड़गढ़, 25 मई (कासं.)। राज्य के शिक्षा मंत्री डॉ. बीडी कल्ला शुक्रवार को चित्तौड़गढ़ प्रवास पर रहेंगे। शिक्षा मंत्री डॉ. बीडी कल्ला गुरुवार रात रेल मार्ग से जयपुर से प्रस्थान कर गुरुवार अलसुबह चित्तौड़गढ़ रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे। शुक्रवार सुबह 10.30 बजे शिक्षा मंत्री डॉ. कल्ला मेवाड़ यूनिवर्सिटी के एक कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

प्रस्तावित यात्रा कार्यक्रम के अनुसार शिक्षा मंत्री शुक्रवार दोपहर में निम्बाहेड़ा पंचायत समिति सभागार में शिक्षा विभाग के जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेंगे।

समीक्षा बैठक के पश्चात मंत्री कल्ला निम्बाहेड़ा के गुडा खेड़ा में विद्यालय के नए भवन का उद्घाटन करेंगे।

Jannayak 26-05-2022

# शिक्षा मंत्री कल्ला कल को चित्तौड़गढ़ में समीक्षा बैठक लेंगे

चित्तौड़गढ़. राज्य के शिक्षा मंत्री डॉ बी. डी. कल्ला शुक्रवार को चित्तौड़गढ़ प्रवास पर रहेंगे। शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला गुरुवार रात रेल मार्ग से जयपुर से प्रस्थान कर शक्रवार अलसुबह चित्तौड़गढ़ रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे। शिक्षा मंत्री डा. कल्ला शुक्रवार सुबह 10.30 बजे मेवाड़ यूनिवर्सिटी के एक कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। प्रस्तावित कायक्रम के अनुसार शिक्षा मंत्री शक्रवार दोपहर में निम्बाहेड़ा पंचायत समिति सभागार में शिक्षा विभाग के जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेंगे। समीक्षा बैठक के पश्चात मंत्री कल्ला निम्बाहेड़ा के गुडा खेड़ा में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के नए भवन का उद्घाटन करेंगे। यहां से वे सड़क मार्ग से उदयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

Rajasthan Patrika 26-05-2022